संख्या-282/2025/2008/2025/23-6099/39/2025

प्रेषक,

शिव कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-6 लखनऊ : दिनांक 30 सितम्बर, 2025

विषयः- वित्तीय वर्ष 2025-2026 में राज्य योजना (ग्रामीण) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत प्रदेश के कतिपय क्षेत्रों के 14 सेतु के चालू निर्माण कार्य हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता, (31वां वृत्त सेतु), लो0नि0वि0, लखनऊ के कतिपय पत्र (तालिका के कॉलम-2 में अंकित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत कतिपय क्षेत्रों के 14 सेतुओं के चालू निर्माण कार्यों हेतु निम्नानुसार रू0 19113.68 लाख (रूपये एक अरब इक्यानबे करोड तेरह लाख अडसठ हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं0	कार्यालय मुख्य अभियन्ता (सेतु विंग) का पत्रांक	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या	स्वीकृत / प्राविधिक/ बचत/ बचत के उपरान्त कार्य की लागत	अब तक आवंटन	अवशेष	प्रस्तावित आवंटन		
								अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (10+11)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	16804/CE-SEB/RYB/VNS/2025-26 Dt- 26-09-2025	सेतु निगम जौनपुर	जनपद जौनपुर में गोमती नदी पर कबुलपुर से संगुलपुर-नवाबाद जंगल-नैपुरा-मुक्तीगंज मार्ग के नैपुराघाट पर सेतु, पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य।	256/2025/I/1057848/2025/23-6-2025-ई-1798421 दि0 14.08.2025-दिनांक-10-10-2018	3384.96 3384.96 0 3384.96	2205.75	1179.21	795.74	214.21	1009.95
2	16965/CE-SEB/RYB/BAR/2025-26 Dt- 29-09-2025	सेतु निगम बदायूं	जनपद बदायूँ में तहसील सहसवान के ग्राम बडेरिया घाट-जरीफपुर गहरिया मार्ग के बीच महावा नदी पर सेतु, पहुॅच मार्ग, अतिरिक्त पहुॅच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	123/2025/846/23-6099/55/2025 -दिनांक-23-03-2025	2184.93 2104.93 80.4 2024.53	764.73	1259.8	558.18	150.26	708.44
3	16966/CE-SEB/RYB/ADY/2025-26 Dt- 29-09-2025	सेतु निगम सुल्तानपुर	जनपद सुल्तानपुर में अकबरपुर-कादीपुर-चाॅदा-पट्टी-देल्हूपुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-128) पर स्थित गोमती नदी के देवारघाट पर सेतु, पहुॅच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण।	32/2024/160/001-23-10010/2/2023-दिनांक-24-01-2024	2886.6 2772.66 113.97 2658.69	1940.86	717.83	546.13	147.01	693.14
4	16967/CE-SEB/RYB/GKP/ 2025-26 Dt- 29-09-2025	सेतु निगम महराजगंज	जनपद महाराजगंज में होतनवाँ-खनुवा मार्ग के डाडा नाले पर सेतु, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्म कार्य एवं भूमि अधिग्रहण के कार्य।	131/2024/1044 /001-1044- 2024-23-10099-17-2024 -	1092.98 1092.98 0 1092.98	546.49	546.49	387.52	104.32	491.84

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

				दिनांक-18-09-2024						
5	do	सेतु निगम देवरिया	जनपद देवरिया में विधानसभा भाटपाररानी के अन्तर्गत रायबारी चखनी खनुवॉ नदी पर सेतु, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	आई/903193/2025/ 23-6099(099)/398/2024-दिनांक-10-03-2025	1585.09 1583.09 2.00 1581.09	791.55	789.55	561.28	151.1	712.38
6	16969/CE-SEB/RYB/GON/2025-26 Dt- 29-09-2025	सेतु निगम श्रावस्ती	जनपद श्रावस्ती में विधानसभा श्रावस्ती में इकौना से ककरा व मझौवा घाट पर राप्ती नदी पर दीर्घ सेतु, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण कार्य।	182/2025/951/23 - 6099(099)/400/2024 - दिनांक-31-03-2025	7020.66 6992.52 28.14 6964.38	2457.23	4507.15	1928.29	519.09	2447.38
7	16970/CE-SEB/RYB/MIR/2025-26 Dt- 29-09-2025	सेतु निगम मिर्जापुर	जनपद मीरजापुर को जनपद भदोही से आपस में जोड़ने हेतु गंगा नदी पर रामपुरघाट पर दीर्घ सेतु, पहुॅच मार्ग, अतिरिक्त पहुॅच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य एवं भूमि अध्याप्ति के निर्माण कार्य।	59/2024/133/001-133-23- 10002-002-4-2024-दिनांक-06-03-2024	33970.89 33970.89 0 33970.89	15889.81	18081.08	6216.38	1673.43	7889.81
8	16971/CE-SEB/RYB/SAH/2025-26 Dt- 29-09-2025	सेतु निगम सहारनपुर	जनपद सहारनपुर में भूरादेव मन्दिर से माॅ शाकुम्बरी देवी के निकट पहाड़ी नदी पर मुख्य मन्दिर तक 02 लेन के 02 सेतुओं एवं पहुॅच मार्ग के निर्माण कार्य।	48/2024/362/23-10002(099)/12/2023- दिनांक-21-02-2024	4678.72 4678.72 0.01 4678.71	1637.55	3041.16	1290.23	347.32	1637.55
9	do	सेतु निगम सहारनपुर	जनपद सहारनपुर में सहारनपुर से मिर्जापुर हथनीकुण्ड रोड के मध्य नौरंगपुर, कुरडीखेडा के बीच चाचाराव नदी पर सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य	19/2024/1322/001- 1322-23-10- 21-2024 - दिनांक-26-11-2024	1036.35 1012.78 0.01 1012.77	518.18	494.59	367.43	98.91	466.34
10	16980/CE-SEB/RYB/BAN/2025-26 Dt- 29-09-2025	सेतु निगम हमीरपुर	जनपद हमीरपुर में विधानसभा राठ के अन्तर्गत ग्राम बिलगॉव से मिहुना के मध्य विरना नदी पर दीर्घ सेतु, पहुॅच मार्ग, अतिरिक्त पहुॅच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	183/2025/952/23-6099/45/2025 -दिनांक-31-03-2025	3109.37 3109.37 0 3109.37	1088.28	2021.09	857.46	230.82	1088.28
11	do	सेतु निगम महोबा	जनपद महोबा में विधानसभा सदर के अन्तर्गत ग्राम ऐंचाना से गहरौली मार्ग पर सीहो नाला पर दीर्घ सेतु, पहुॅच मार्ग, अतिरिक्त पहुॅच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	120/2025/843/23-6099/54/2025 -दिनांक-23-03-2025	1922.41 1922.41 0 1922.41	192.24	1730.17	605.86	163.1	768.96
12	do	सेतु निगम बांदा	जनपद बांदा में तहसील पैलानी के अन्तर्गत पैलानी गलौली मार्ग से सिंघन कलां लसड़ा मार्ग पर तुर्री नाला पर दीर्घ सेतु, पहुॅच मार्ग एवं सुरक्षात्म कार्य।	122/2025/845/23-6099/52/2025 -दिनांक-23-03-2025	1584.97 1584.97 0 1584.97	158.5	1426.47	499.52	134.47	633.99
13	16981/CE-SEB/RYB/GKP/2025-26 Dt- 29-09-2025	सेतु निगम गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में विधान सभा सहजनवॉ के अन्तर्गत आमी नदी पर कटका पीपा पुल के स्थान पर सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य एवं भूमि अध्याप्ति के निर्माण कार्य।	24/2024/2073/001-1059-2024-23-10099-18-2024-दिनांक-04-12-2024	1502.49 1502.49 0 1502.49	751.25	751.24	295.95	79.67	375.62

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

14	16405/CE-SEB/RYB/GON/2025-26 Dt- 17-09-2025	नि.ख. बलरामपुर	जनपद बलरामपुर में उतरौला सादुल्लापुर मार्ग रामघोसी से बढ़नी-चापा मार्ग के मध्य कुवानों नदी पर चोरघटा घाट पर सेतु, पहुॅच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुॅच मार्ग के निर्माण कार्य।	174/2025/ 937/ 23-6099/171/2025 Dt. 31.03.25	727.57 727.57 0.62 726.95	306.76	420.19	149.7	40.3	190.00
							कुल योग	**15059.67**	**4054.01**	**19113.68**

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

(2) राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

(3) उक्त सेतु के अंश, लोक निर्माण अंश में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष पृथक-पृथक वित्तीय प्रगति सहित वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27.03.2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) उक्त तालिका अंकित मूल स्वीकृति के शासनादेशों में उल्लिखित शर्ते व प्रतिबंध आदि यथावत लागू रहेंगी।

(6) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं.-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(7) यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व सूचनाओं में कोई विसंगति/त्रुटि पायी जाती है, तो इसके लिए मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय/निगम/ क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों द्वारा यदि किसी प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या छिपाकर अधिक धनराशि शासन से अवमुक्त करा ली जाती है अथवा व्यपगत धनराशि को चालू कार्य के रूप में स्वीकृत करा लिया जाता है, तो उनके विरूद्व कठोर कार्यवाही के साथ ही यथापेक्षित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 1,50,59,67,000 (रुपये एक अरब पचास करोड़ उनसठ लाख सड़सठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 40,54,01,000 (रुपये चालीस करोड़ चौवन लाख एक हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपरण सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
शिव कुमार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) मुख्य अभियंता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
(6) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
(7) संबंधित कोषाधिकारी।
(8) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।
(9) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(10) श्री राजेश प्रताप सिंह (संयुक्त सचिव/नोडल अधिकारी), लोक निर्माण विभाग ।
(11) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
शिव कुमार
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।